हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 सितंबर 2025

04 19 जुआरियों से करीब दो लाख नकदी 16 मोबाइल...



07 कॅरियर काउंसिलिंग से मिलते हैं बेहतर...






## खबर संक्षेप

### दूसरी तिरूपति यात्रा के लिए आवेदन 12 तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4 रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे। डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें एवं सभी आवेदकों से निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन लिए जावे एवं आवेदनों की सूची कलेक्ट्रेट कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराएं।

### अब तक 934.5 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में 1 जून से 9 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 984.9 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 9 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 850.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 868.0, आष्टा में 708.0, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984.0, बुधनी में 1308.0 तथा रेहटी में 1199.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 75 आवेदनों पर सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 75 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कॉलोनीवासियों का सुझाव : विवादित भूमि से पहले ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में आसानी से बनाया जा सकता है एक वैकल्पिक मार्ग**

# रेलवे ओवरब्रिज से काटा एक दर्जन कॉलोनियों का रास्ता, सर्विस रोड न बनने से रोजाना हो रहे हादसे !

प्रभारी मंत्री, विधायक, नगर पालिका, कलेक्टर, पीडब्ल्यूडी, ब्रिज कॉरपोरेशन सहित अनेक जगह लगाई गुहार, फिर भी नहीं मिला न्याय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समेत करीब एक दर्जन कॉलोनियों के हजारों परिवार इन दिनों भारी परेशानियों से जूझ रहे हैं। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू होते ही कॉलोनी से आने-जाने वाला मुख्य मार्ग बंद कर दिया गया है। अब लोग मजबूरी में गलत दिशा से तेज रफ्तार वाहनों के बीच अपनी गाड़ी मोड़कर घर पहुंचते हैं। यह स्थिति रोज़ाना हादसों को न्यौता दे रही है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,नगर सुधार न्यास, कृष्णा नगर,संतोष नगर, आजाद नगर, स्वदेश नगर,वर्मा नगर,न्यू हाउसिंग बोर्ड,शांति विहार,10 विश्वकर्मा नगर छोटा थुना और उनसे मिलने के लिए आने कॉलोनीवासियों ने बताया कि ब्रिज के बाहरी हिस्से पर समानांतर (सर्विस रोड) का निर्माण हो चुका है, लेकिन अंदरूनी हिस्से पर मात्र 50 मीटर का सर्विस रोड अभी अधूरा है। यह दूरी बेहद छोटी है और इसके लिए शासकीय अनुपयोगी भूमि भी उपलब्ध है। इसके बावजूद निर्माण न होने से हजारों लोगों की जान जोखिम में डाल दी गई है। सीहोर की 10 से ज्यादा कॉलोनियों के लिए यह सड़क जीवन रेखा है। यदि सर्विस रोड का निर्माण तुरंत नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में यह "विशेष उपहार" वास्तव में किसी बड़े हादसे का कारण बनेगा। अब वक्त है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान करें, ताकि कॉलोनीवासियों को सुरक्षित और सहज आवागमन मिल सके।




### जनसुनवाई से लेकर पत्राचार तक

वार्ड पार्षद प्रभा कुशवाहा ने बताया कि 22 जुलाई को कलेक्टर सीहोर को जन सुनवाई में आवेदन देकर समस्या रखी थी। इसके बाद 4 और 14 अगस्त को भी पत्र दिए गए। कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी ने ब्रिज निगम भोपाल को निर्देशित किया और निरीक्षण के लिए जेई को भेजा। लेकिन ढिलाई और कथित पक्षपात के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि अधिकारियों ने जानबूझकर समाधान टाल दिया ताकि किसी सगे-संबंधी को लाभ पहुंचाया जा सके।

### हादसों का डर, व्यापार पर असर

कॉलोनी वासियों का कहना है कि मेन रोड बंद होने से भारी वाहन कॉलोनी के अंदर प्रवेश नहीं कर पा रहे। रोज़ाना टर्निंग पर एक्सीडेंट होते-होते बचते हैं। दुकानों पर ग्राहक कम आने से व्यापार चौपट हो रहा है। कॉलोनी की सुंदरता और शांति भी प्रभावित हो चुकी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते वैकल्पिक सर्विस रोड नहीं बना तो हादसों में जानमाल का नुकसान तय है। कॉलोनीवासियों ने सुझाव दिया है कि विवादित भूमि से पहले ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में एक वैकल्पिक मार्ग आसानी से बनाया जा सकता है। यह जमीन लंबे समय से खाली पड़ी है और इस पर कोई अतिक्रमण भी नहीं है। यदि प्रशासन इच्छाशक्ति दिखाए तो मात्र कुछ दिनों में समाधान संभव है।

**जवाब मांगते लोग :** 30 करोड़ की लागत से बने इस ओवरब्रिज का उद्देश्य था शहर को जाम और दुर्घटनाओं से मुक्ति दिलाना। लेकिन अधूरी सर्विस रोड के कारण यह राहत अब नए संकट में बदल गई है। लोग पूछ रहे हैं कि जब जमीन और संसाधन मौजूद हैं तो 50 मीटर का सर्विस रोड क्यों अधूरा है? क्या प्रशासन हादसा होने के बाद ही जागेगा?

### महिलाओं और बच्चों के लिए खतरा

कॉलोनी की महिलाएं रोज़ाना दफ्तर जाती हैं, बच्चों को स्कूल-ट्यूशन छोड़ने-लाने का काम करती हैं। मजबूरी में उन्हें भी तेज रफ्तार गाड़ियों के बीच से गुजरना पड़ता है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि मासूम बच्चों और युवतियों की सुरक्षा पर सीधा खतरा है। ₹हमारे बच्चों ने गाड़ी चलाना सीखा ही है, वे इस करतब जैसे रास्ते में कैसे सुरक्षित रहेंगे? यह सवाल हर घर में गूंज रहा है। निवासी इस मजबूरी को व्यंग्यात्मक अंदाज में ₹विशेष उपहार₹ कह रहे हैं। उनका कहना है कि इस रोड से गुजरना अब करतब दिखाने जैसा हो गया है। मजाक में भले लोग इसे ₹करतब रोड₹ कहें, लेकिन असल में यह समस्या हर परिवार के लिए चिंता का विषय है।

### सामूहिक संघर्ष की तैयारी

समस्या के समाधान के लिए कॉलोनीवासी अब सामूहिक आंदोलन की तैयारी में हैं। सीनियर सिटीजन आगे बढ़कर पत्राचार कर रहे हैं। विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और प्रभारी मंत्री तक को पत्र भेजे गए हैं। अब निवासियों ने निर्णय लिया है कि सीएम हेल्पलाइन पर अधिक से अधिक शिकायतें दर्ज कराई जाएं। कॉलोनी के हर परिवार से कहा गया है कि शिकायत नंबर लेकर उसका स्क्रीनशॉट साझा करें, ताकि आंदोलन मजबूत हो।

### अधिकारियों को अवगत करा दिया है

संज्ञान में आवेदन आया है। कॉलोनी निवासी जिस स्थान एप्रोच रोड की मांग कर रहे हैं, वहां अप्रोच रोड के निर्माण होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा। इसे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जबकि वर्तमान में जिस जगह से वैकल्पिक रोड की जगह दी गई है वहां पर सड़क निर्माण होने से कॉलोनी वासियों को समस्या नहीं होना चाहिए।

**केसी वर्मा,** ब्रिज कार्पोरेशन सब इंजीनियर

### 17 सितंबर से मनाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में आगामी 17 सितम्बर से सेवा पर्व मनाया जाएगा। सेवा पर्व का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती को होगा। इस दौरान नागरिक सेवाओं और सुविधाओं की बेहतरी और इन्हें सहज रूप से नागरिकों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सेवा पर्व के आयोजन के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिये गये निर्देशों के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के ने एनआईसी कक्ष में बैठक कर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, डीएफओ अर्चना पटेल, संयुक्त कलेकटर वंदना राजपूत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर बालागुरू के ने बताया कि सरकार जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाकर नागरिकों तक सेवाओं के सुगम प्रदाय की व्यवस्था करेगी। पर्व के दौरान सरकार सुशासन का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए शासकीय सेवाओं की रिस्पॉन्सिबल डिलेवरी सुनिश्चित करेगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा है कि इस अभियान में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक संगठन सभी अपनी भागीदारी करेंगे। उन्होंने संबधित अधिकारियों को जनसामान्य को भी इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस अभियान की थीम 'स्वच्छोत्सव' है। अभियान का केन्द्रीय विषय 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' है, इसलिए अभियान के दौरान रक्तदान शिविर लगाने सहित स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## पीला मोजेक रोग से खराब हुई फसलों व बीमा विसंगति को लेकर किसान संघ ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**नलखेड़ा।** भारतीय किसान संघ द्वारा शिवाजी चौराहे से बाइक रैली निकालकर पीला मोजेक रोग से खराब हुई फसलों व फसल बीमा में विसंगति को लेकर तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपे गए। बुधवार को किसान संघ द्वारा कलेक्टर के नाम स्थानीय तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पीला मोजेक रोग एवं एंथ्रोक्नोज रोग के कारण खराब हुई सोयाबीन के नुकसान का सर्वे करवाकर राहत राशि प्रदान की जाए। कुंडालिया बांध के तहत पाइपलाइनों को दुरुस्त कर क्षेत्र के किसानों को रबी फसल हेतु पानी दिया जाए। उद्यानिकी फसल बीमा योजना तत्काल प्रारम्भ की जाए। लंबित नामांतरण एवं फ़ोती नामांतरण समय सीमा में किये जायें। किसानों के जले हुवे ट्रांसफार्मर 48 घंटे में बदले जाए। ओवरलोड ट्रांसफार्मर अंडरलोड किये जाएं व जर्जर तार बदले जाए। रबी सीजन के लिए सोसायटियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही किसान संघ द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम भी अलग अलग मांगो के ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान किसान संघ पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## नगर पंचायत सफाई के प्रति गंभीर नहीं, नाले में फसे कचरे को भी नहीं हटा रही, उठ रही बदबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



अपने नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में असफल स्थानीय नगर पंचायत सफाई के प्रति भी गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। मामला मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित नाले का है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष नगर पंचायत द्वारा वर्षाकाल के पूर्व उक्त नाले की समुचित सफाई नहीं करवाई थी। अब वर्षाकाल के बाद भी नगर पंचायत इसकी सफाई की सुध नहीं ले रही है।

गत दिनों हुई वर्षा के दौरान उक्त नाला कई बार उफान पर आया जिसके चलते नाले की पुलिया के ऊपर से पानी भी निकला था। नाले के उफान पर आने के दौरान कई छोटे मोटे पौधे, पेड़ों की टहनियां भी पानी के साथ बह कर आई थी जोकि नाले में लगे पाइपों भी फस गए। वर्षा थमने के चार पांच दिनों बाद भी जिम्मेदारों ने पाइपों में फसे इस कचरे को निकालने की सुध नही ली है। कचरा फसा होने से कई पाइप तो लगभग बंद भी हो चुके हैं। पाइपों में फसा कचरा अब बदबू मारने लगा है जिसके कारण यहां से निकलने वाले दर्शनार्थी परेशान हैं। आने वाले दिनों में शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है। जिसमें प्रतिदिन लाखों दर्शनार्थी सिद्धपीठ पर पहुंचेंगे। ऐसे में प्रशासन को स्थानीय जिम्मेदारों को नगर सहित मां बगलामुखी मंदिर के आसपास स्वच्छता के निर्देश प्रदान कर समुचित सफाई करवाना चाहिए।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बाइक रैली के बाद किया कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल प्रदर्शन

**प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दिया बीस सूत्रीय मांगों का कलेक्टर को ज्ञापन**

**सीहोर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने पहले कृषि उपज मंडी कार्यालय में बैठक की जिस के बाद शहर में बाइक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष कचरू परमार के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को बीस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचक प्रांतिय उपाध्यक्ष विक्रम सिंह पटेल के द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट में बैठकर धरना देकर आक्रोश भी प्रकट किया।



प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में किसानों को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार आधार पर कृषि उपज उपज का मूल्य दिया जाने, देश के 22 उद्योगपतियों के 15 लाख 41 हजार करोड़ रूपये की कर्ज माफी की तर्ज पर देश के अन्नदाताओं का संपूर्ण रूप से ऋण मुक्त किया जाने,सुअर पालन, मछली पालन, बकरी पालन मुर्गी पालन की तरह गौ पालन एवं पशु पालन पर भी सब्सिडी जाने,ऋण सीमा का नवीनीकरण करके कृषि ऋण लिमिट प्रति एकड़ 3 लाख रूपये करते हुए 0 प्रतिशन ब्याज पर बंधक मुक्त ऋण दिया जाने,। कृषि उपज की सरकारी खरीदी विना मापदण्ड से किया जाने, गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाने,रासायनिक खाद, यूरिया, डीएपी, एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के द्वारा ऋण माफी योजना में छूटे हुए किसानों को ऋण मुक्ति कि जाने,मुख्य मंत्री की योषणा अनुसार प्रतित्येक खातेदार किसान की ऋण सीमा 5 लाख रूपये करने और 0 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन उपालब्ध कराने, मुख्य मंत्री ट्रांसफामर्/र योजना अनुदान पुनः चालू करने, प्रदेश के किसानों के सिंचाई के लिए 16 घंटे विजली प्रदान करने और 440 बोल्ट करंट विद्युत पम्प तक पहुंचाया जाने, लाड़ली बहना योजना में छुटी हुई बहनों को योजना का लाभ दिया जाने,मुख्य मंत्री लाड़ली गौ योजना प्रारंभ करने गौमाता को संरक्षण देने,गौ हत्या पर रोक लगाने आदि की मांग की है। प्रदर्शन में बाबूलाल पाटीदार, बलराम मुकाती, गौपाल पाटीदार, रविदत्त सिंह, घरनसिंह भै सा नि या , क न है या ला ल इटावदिया,मांगीलाल मास्टर, देवकरण परमार मांगीलाल पटेल,यशवंतसिंह,राजमल परमार, बाबूलाल पटेल,देवकरण मेवाड़ा, नारायणसिंह ठाकुर, कैलाश ठाकुर, अरविन्द ठाकुर, कैलाश वर्मा, लक्ष्मीनारायण,शिवनारायण वमा्र्, नाथूलाल वर्मा, हमीर पटेल, सूरजसिंह वर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

**इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के चयन संबंधी बिंदुओं जानकारी प्रदान की**

# इनोवेशन बढ़ाने गुरुकुल स्कूल में अनबॉक्स आइडिया थिंकिंग वर्कशॉप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बच्चों में इनोवेशन और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में अनबॉक्स आइडिया थिंकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का आयोजन इस सत्र में होने वाली इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता के साथ साथ बच्चों में इनोवेशन के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए किया गया।



इसके पहले चरण में बच्चों में विज्ञान और इनोवेशन के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से काम करने वाली संस्था ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर शैलेंद्र कसेरा द्वारा इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के चयन संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि आज भी हर रोज उपयोग में आने वाले कई उपकरणों में कई प्रकार के नवाचार और सुधार की आवश्यकता होती है। जिन्हें हम अपनी बंद सोच या बॉक्स थिंकिंग के कारण अनदेखा कर देते है। इन्ही सुधार की आवश्यकता के कारण हमारे बाल वैज्ञानिको के द्वारा डिजाइन थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रोसेस का प्रयोग कर नए-नए इनोवेटिव चीजों का अविष्कार किये जा रहे हैं जिनके प्रोत्साहन के लिए इस प्रतियोगिता को आयोजित किया जाता है। इसके दूसरे चरण में डिज़ाइन थिंकिंग प्रोसेस को स्वयं अपने हाथों से करके समझने के लिए स्टेम वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे बाल वैज्ञानिकों को कागज के गिलास का प्रयोग करके सामान्य कपफोन बनवाया गया इसके बाद इस कपफोन का उपयोग करते समय आने वाली समस्याओं को पहचान कर डिजाइन थिकिंग प्रोसेस का उपयोग करके सामान्य कपफोन से बेहतर कपफोन की डिजाइन करने का लक्ष्य सभी को समान संसाधन और समय सीमा के साथ दिया गया और इसके बाद सभी नन्हे बाल वैज्ञानिकों की टीम के द्वारा अपनी इंजीनियरिंग प्रतिभा का परिचय देते हुए कपफोन को डिजाइन करके बनाया गया और उनका परीक्षण किया गया।

इस वर्कशॉप में बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्वयं करके देखने और विज्ञान के सिद्धांतों को उपयोग करके नवाचार किस प्रकार किया जाता है सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। स्कूल के प्राचार्य कमलकिशोर पाटीदार द्वारा बताया कि कई बार स्कूली बच्चे प्रतिभावान होकर भी जानकारी और मार्गदर्शन के अभाव में इंस्पायर अवार्ड मानक आदि जैसे अवसर का चाहकर भी लाभ नही ले पाते हैं इसे ध्यान में रखकर हुए वैज्ञानिक अविष्कारों के सृजन के प्रति प्रेरित करने वाली वर्कशॉप को आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मत्स्य विभाग कार्यालय में चोरी का प्रयास

**देवास।** शहर के चामुंडा कॉम्प्लेक्स स्थित मत्स्य विभाग कार्यालय में बुधवार सुबह कार्यालय का सारा सामान इधर-उधर बिखरा मिला। जांच में सामने आया कि कुछ संदिग्ध महिलाएं खिडक़ी से ऑफिस के अंदर घुसी और सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। मत्स्य निरीक्षक एचपी मानकर ने बताया कि जब रोज की तरह दफ्तर खोला गया, तो प्यून ने देखा कि ऑफिस का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि पीछे की खिडक़ी से किसी ने अंदर घुसकर दो अलमारियों को खोला और कागज-पत्रों के साथ छेड़छाड़ की। हालांकि कोई भी दस्तावेज या सामान चोरी नहीं हुआ, सिर्फ बिखराव किया गया था। कॉम्प्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध महिला नजर आई है। पास के लोगों ने भी बताया कि इससे पहले भी कुछ महिलाएं लोहे और एल्युमिनियम का सामान कॉम्प्लेक्स के आसपास से चुरा चुकी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास की जगहों पर सर्च किया, लेकिन किसी संदिग्ध का पता नहीं चला। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है और महिलाओं की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### पत्नी डॉक्टर होने के कारण भरण-पोषण की मांग खारिज

**देवास।** भरण-पोषण संबंधी मामलों में इंदौर पारिवारिक न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए पत्नी की ओर से की गई भरण-पोषण की मांग को अस्वीकार कर दिया। सुनवाई के दौरान पति की ओर से अधिवक्ता आष्कृत तिवारी ने दलील दी कि पत्नी स्वयं डॉक्टर हैं और पर्याप्त आय अर्जित करती हैं। इस आधार पर उन्होंने तर्क रखा कि पत्नी अपने जीवन-यापन के लिए पूरी तरह सक्षम हैं, इसलिए पति पर भरण-पोषण का अतिरिक्त बोझ डालना उचित नहीं है।

### ऑपरेशन प्रहार के तहत सीएसपी के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

# 19 जुआरियों से करीब दो लाख नकदी 16 मोबाइल और 6 वाहन किए जब्त

पुलिस ने मंगलवार देर रात 1 बजे दी दबिश, 2.30 घंटे कार्रवाई कर आरोपियों को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने सीएसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 जुआरीयो को 02 लाख से अधिक नगदी,16 मोबाइल एवं 06 वाहनों के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर रात को थाना कोतवाली पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कृष्णा कोलड्रिंग्स दुकान के पीछे कंजर मोहल्ला माताजी रोड देवास में कुछ व्यक्ति हार-जीत का दांव लगाकर मांग-पत्ती (ताश) का जुआ खेल रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश देकर आरोपियो को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया गया, जिस पर से एएसपी अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में 03 विशेष पुलिस टीमों का गठन कर टीम द्वारा बताए गए स्थान पर देर रात 1 बजे दबिश दी गई। जहां कुछ व्यक्ति ताश की गड्डी पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस को देखकर कुछ व्यक्ति मौके से भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने 2.30 घंटे कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियो के कब्जे से कुल 2,12,000/- नगद,52 ताश के पत्ते,16 मोबाइल फोन एवं कुल 06 वाहन (02 चार पहिया एवं 04 दो पहिया) का मश्रुका जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 668/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### 19 आरोपियों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु डांगरे, शाहिद कुरैशी,मोहम्मद जोएब खान, इरफान खान, इमरान शेख, मोहम्मद जुबैर खान, मोहम्मद आजम, शेख अजहर, टीपू सुलतान, सादिक खान, हर्षवीर सिंह कुशवाह, सचिन मोर्य, शाहिद मंसूरी,आमीन कुरैशी, मुजाहिद कुरैशी, साजिद शेख, जावेद शेख, साजिद खान, रोनी सौदे शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के दो चार पहिया और चार दो पहिया वाहन जप्त किए। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा,थाना प्रभारी नाहर दरवाजा मंजु यादव,थाना प्रभारी टोंकखुर्द आलोक सोनी,उनि जितेन्द्र यादव,सउनि जज सिंह अरोरा,सउनि सतीश रघुवंशी,सउनि नाहर सिंह,प्रआर धर्मवीर गुर्जर,रवि सिंह,आर जितेन्द्र, प्रदीप, धर्मेन्द्र, रमन मिश्रा, विकास, योगेन्द्र, विशाल,नीरज एवं वाहन चालक आर राजेश गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

# मंदिर भूमि नीलामी प्रक्रिया निरस्त करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

### जिलेभर के पुजारियों ने किया विरोध



**देवास।** पुजारियों ने जिलाधीश ऋतुराज सिंह के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंदिर भूमि नीलामी प्रक्रिया निरस्त करने की माँग को लेकर जिलेभर के पुजारियों ने जिलाधीश ऋतुराज सिंह के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। पं. .प्रेम को कुमार वैष्णव शिवगढ़ ने बताया कि इसमें तहसीलदारों द्वारा मंदिर भूमि की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने का तीव्र विरोध दर्ज कराया गया।ज्ञापन में कहा गया कि विजयागंज मंडी नायब तहसीलदार द्वारा मंदिर भूमि नीलामी की विज्ञप्ति जारी की गई है, जो पुजारियों के वंशानुगत अधिकारों एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। समाजजनों ने बताया कि सदियों से पुजारी परिवार मंदिरों की पूजा-अर्चना और भूमि की देखरेख करते आए हैं। नीलामी से न केवल उनकी आजीविका प्रभावित होगी, बल्कि धार्मिक परंपराओं को भी ठेस पहुँचेगी।ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण बिंदु उठाए गए, जिनमें प्रमुख हैं— सर्वोच्च न्यायालय ने 06 सितंबर 2021 के निर्णय में राज्य शासन को देवस्थान की संपत्ति नीलाम करने का अधिकार अस्वीकार किया है, फिर भी तहसीलदार ने किस आधार पर प्रक्रिया प्रारंभ की। संविधान राज्य अधिकारियों को धार्मिक संस्थानों के संचालन का अधिकार नहीं देता। राज्य शासन के आदेश (22 अप्रैल 2023) के अनुसार नीलामी प्रक्रिया पुजारी द्वारा ही की जानी चाहिए, फिर भी तहसील स्तर से आदेश जारी किए गए। भूमि पर वर्तमान कब्जे, मौके की जाँच तथा संपत्ति विवरण का अभाव है। खरीफ की फसल बोई जा चुकी है, ऐसे में नीलामी से पुजारियों और ग्रामवासियों में असमंजस बढ़ेगा तथा भूमाफियाओं को कब्जा करने का अवसर मिलेगा। विधानसभा प्रश्नोत्तर (6 अगस्त 2025) में भी स्पष्ट किया गया है कि शासन मठ-मंदिर की भूमि नीलाम नहीं कर रहा, तो जिले में नीलामी की प्रक्रिया किस अधिकार से की जा रही है, यह बड़ा प्रश्न है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई निजी मंदिरों पर “प्रबंधक कलेक्टर” की प्रविष्टि त्रुटिवश हुई है। शासन स्वयं इस संबंध में जानकारी मांग चुका है, किंतु अब तक कोई सुधारात्मक कार्यवाही नहीं हुई। समाज ने चेतावनी दी है कि तहसीलदारों द्वारा मंदिर भूमि की नीलामी न केवल पुजारी समाज के वंशानुगत अधिकारों का हनन है बल्कि संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन भी है। अतः इस कार्यवाही को तत्काल निरस्त किया जाए अन्यथा आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान लीलाधर वैष्णव, प्रेमदास बैरागी बोडानी, महेश मेहता, कृष्णादास बैरागी जिलेभर के मंदिरों के पुजारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पर्यावरण प्रदूषण और मानव अधिकारों के हास के प्रभावों को रोकने एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय देवास के सभाकक्ष में पर्यावरण प्रदूषण और मानव अधिकारों के हास के प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेष न्यायाधीश देवास सुमन श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुभाष चौधरी एवं म.प्र. बोर्ड प्रदूषण नियंत्रण के अधिकारी एवं औद्योगिक क्षेत्र के अधिकारीगण उपस्थित हुए। कार्यशाला में विशेष न्यायाधीश श्रीवास्तव ने पर्यावरण प्रदूषण और मानव अधिकारों के हास प्रभावों को रोकने, न्यूनतम करने और कम करने के लिए बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए कचरे को कम कर रीसायकल करें और अधिक पौधे लगाए। उर्जा बचाने के लिए घर पर ही उर्जा की खपत कम करें। नवीकरणीय उर्जा स्त्रोतों का उपयोग करें और अनावश्यक यात्राओं से बचे। पानी की बर्बादी कम करें और सावर्जनिक परिवहन साइकिल चलाने या पैदल चलने का विकल्प चुने। वृक्षारोपण करना, ग्लोबल वार्मिंग और मृदा अपरदन को कम करने में मदद करता है। वायु और जल प्रदूषण को कम करने के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन, जैसे पुनर्चक्रण और कम्पोस्टिंग को लागू करें। सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों का हमें पालन करना चाहिए।

# अस्पताल में वृद्धजनों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




शासकीय अस्पताल बागली में राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण उपचार एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार बीएमओ डॉक्टर हेमंत पटेल के द्वारा किया गया। मरीज की फिजियोथैरेपी थैरेपिस्ट नीतू मालवीय ने की।डॉ. पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष वृद्ध विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन कर वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार और परामर्श दिया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर पटेल ने कहां कि वृद्धावस्था जीवन की वह प्राकृतिक और क्रमिक अवस्था है जो मानव जीवन के अंतिम चरण से जुड़ी है। इसे अक्सर 60 या 65 वर्ष की आयु के बाद की स्थिति माना जाता है और इसमें शारीरिक क्रियाओं में गिरावट, रोगों के संभावना में वृद्धि और जीवन शैली में बदलाव शामिल है। पटेल ने बताया कि शिविर में 45 वृद्ध जनों की जांच परामर्श एवं उपचार किया गया। शिविर का शुभारंभ वृद्ध जनों में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता राजेश बजाज का पुष्प मालाओं से स्वागत कर किया गया । शिविर में बिईई राधेश्याम चौहान, बीसीएम रतन सिंह जमाले,सेक्टर सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल, सिएचओ महेश पटेल, एएनएम प्रेम वास्केल, एएनएम रेखा नागर, सुपरवाइजर किशोर मंडलोई, मेहरु सिंह वास्केल, अनिल ठाकरे, मलेरिया इस्पेक्टर आनंद सिंह गोयल आदि कर्मचारी उपस्थित थे ।

# न्यू लायंस क्लब द्वारा नवरात्रि में होगा गरबे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में नवरात्रि महोत्सव को लेकर मंदिरों में साज सज्जा सहित भव्य तैयारी चल रहीं हैं। वही न्यू लायंस क्लब नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड वर्ष 1990 से सतत उत्सव मनाती चली आ रही है। बुधवार को इसी कड़ी में न्यू लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा नवरात्रि में बनने वाले पांडाल का भूमि पूजन कर काम शुरू किया गया। भूमि पूजन के मुख्य अतिथि भौरासा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा, पटेल यशवंत सिंह राजपूत, पार्षद भादर सिंह भाटिया, धर्मेंद्र ठाकुर, अर्जुन माली,अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, बद्री लाल लोधी, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वही भूमि पूजन पंडित सौरभ नागर के द्वारा कराया गया। समिति के रोहित जायसवाल ने बताया कि इस नवरात्रि में न्यू लायंस क्लब द्वारा प्रतिदिन 45 मिनट की एक भव्य महाआरती का आयोजन होगा। उसके पश्चात प्रतिदिन बालिकाओं द्वारा गरबे की प्रस्तुति दी जाएगी। वही बालिकाओं को गरबो की ट्रेनिंग देने वाली ममता खालोटिया के द्वारा बताया गया की आगामी नवरात्रि महोत्सव में गरबे को लेकर नगर के रुद्राक्ष गार्डन में प्रतिदिन पिछले 1 माह से तीन शिफ्टो में तैयारी चल रहीं है। बालिकाओं में गरबे को लेकर उत्साह और एक अलग ही उमंग है। लगभग 500 बालिकाएं गरबे की ट्रेनिंग ले रही है। इस नवरात्रि में गरबे में तलवार रास नगर की बालिकाओं द्वारा एवं गुजरात के कलाकारों द्वारा मां कालिका एवं मां गंगा सहित अलग अलग प्रकार के गरबे की प्रस्तुति होना है। मेरी सभी नगरवासियों से अपील है कि नवरात्रि में होने वाले गरबे में पहुंचकर बालिकाओं का उत्साह बढ़ाए।

### सोयाबीन में वायरस, पीला मोजेक से सोयाबीन खराब, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

# 70 दिन की सोयाबीन पड़ी पीली, सर्वे में 65 प्रतिशत खराब






हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सोयाबीन फसल पर इस वर्ष भी संकट गहराने लगा है। सोयाबीन फसल 90 से 95 दिन में पककर तैयार होती है। इस बार की फसल को 70 दिन हुए हैं और पौधे अभी से पीले पड़ने लगे हैं। किसान संघ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के नाम 17 बिन्दूओ अंतर्गत एवं मुख्यमंत्री के नाम 31 मांगों को लेकर हाटपिपल्या तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सैटेलाइट पद्धति से सही सर्वे नहीं हो रहा है। इससे फसल बीमा का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा। फसल कटाई प्रयोग से ही बीमा का आंकलन हो। भूमि अधिग्रहण में चार गुना मुआवजा किसानों को दिया जाए। किसान गोवर्धन पाटीदार ने बताया कि वर्तमान में सोयाबीन फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सोयाबीन फसल को वायरस ने चपेट में ले लिया है। सोयाबीन फसल की नुकसानी का सर्वे शीघ्र शुरू करें। आयात निर्यात नीति में सुधार हो, सरकार किसान हितैषी बने। सभी फसलों का लागत मूल्य के हिसाब से लाभकारी मूल्य मिले। कृषि आदानों पर जीएसटी पूर्ण रूप से खत्म हो। सभी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी वर्ष भर हो। भूमि अधिग्रहण में अन्य राज्यों की तरह चार गुना मुआवजा दिया जाए। हाटपीपल्या माइको उद्धवन सिंचाई योजना काम जल्द प्रारंभ किया जाए। जिले में इफको एनपीके 12-32-16 उपलब्ध कराई जाए। किसान संघ ने तहसीलदार अंजलि गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर मदद की गुहार लगाई। ज्ञापन में बताया कि सोयाबीन फसल पीला मोजेक रोग की चपेट में आकर नष्ट हो गई है। इससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाने कि मांग कि है। इस अवसर पर संघ के प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष नारायण मंडलोई, कोषाध्यक्ष केदारमल पाटीदार, गोकुल सिंह चौहान, माखन नाहर, धम्पालाल मुकाती, तहसील अध्यक्ष रामनारायण यादव तहसील मंत्री ओमप्रकाश पाटीवार, महेश पाटीवार, युवराज सिंह, सागरमल पाटीदार, उमेश चौधरी, राम गवला, विनोद यादव, बौन्दरम चौहान एवं अनेक किसान उपस्थित थे।

### सर्वे दल पहुंचा खेतों में

चापडा। सोयाबीन फसल पर फिर संकट गहराने लगा अभी 70 दिन की सोयाबीन हुई है और फसल पीली पड़ गई है, जिसको देखते हुए सर्वे दल फसलों का निरीक्षण करने खेतों में पहुंचा। सर्वे दल में भमोरी पटवारी नोशाद खान, ग्राम सेवक सुखराम बारोड, पंचायत सचिव चोटीदार मनोहर भारतीय किसान संघ के अनिल पाटीदार कमल नागर उपस्थित थे। सर्वे दल द्वारा पंचनामा रिपोर्ट बनाई गई, जिसमें लगभग 65%नुकसान बताया गया है। किसानों का कहना है, कि मुख्य रूप से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सैटेलाइट पद्धति पूर्ण रूप से गलत है, क्योंकि सेटेलाइट का सही सर्वे नहीं हो रहा है। इससे फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों की मांग है, कि फसल कटाई प्रयोग से ही बीमा का आंकलन हों ।

# संबल योजना के हितग्राहियों को राशि का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

निगम सीमा क्षेत्र के मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल-2 के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 9 सितम्बर मंगलवार को भोपाल से सिंगल क्लीक के माध्यम से बीपीटी से खातों मे राशि हस्तांतरित की गई। नगर निगम बैठक हाल मे मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को हितग्राहियों द्वारा भाग लिया गया। उपायुक्त जाकिर जाफरी ने इस अवसर पर कहा कि म.प्र. शासन द्वारा हितग्राहियों के हितों की हर संभव सुरक्षा हेतु संबल 2 के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की सहायता उपलब्ध करा रही है। उपायुक्त के द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को राशि स्वीकृति के प्रमाण पत्र सौपें गये। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के द्वारा निगम सीमा क्षेत्र के 26 हितग्राहियों को सिंगल क्लीक के माध्यम से 56 लाख की राशि का हस्तांतरण किया गया। जिसमे 48 लाख की राशि सामान्य मृत्यु होने पर तथा दुर्घटना मे मृत्यु होने पर 8 लाख की राशि प्रदान की गई। है। इस अवसर पर विधुरानी कौरवे, एनयुएलएम विभाग से विशाल जगताप, सुनिल जोशी, मुकेश सोलंकी, मुजप्फर अली, एवं सैकडों हितग्राही उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे आधारकार्ड मे मेरा नाम सोरम बाई यादव नाम दर्ज है जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम पूजा यादव है तथा मेरे वोटर आईडी कार्ड मे मेरा नाम पूजा यादव दर्ज होकर सही एवं वास्तविक है। मै अपने आधारकार्ड मे अपना नाम परिवर्तन करवाकर सही एवं वास्तविक नाम पूजा यादव दर्ज करवाना चाहती हूँ तथा भविष्य मे मै पूजा यादव के नाम से ही जानी पहचानी जाउंगी। इस हेतु यह जाहीर सूचना नाम परिवर्तिन के सबंध मे प्रकाशीत करवाई गई है।

भवदिय पूजा यादव
पता : 117, ग्राम मातमौर तहसील बागली
जिला देवास मध्य प्रदेश 455227

## खबर संक्षेप

### नाराहटक्षेत्र में सर्पदंश से किसान की मौत

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में एक किसान की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बरौदिया पारौल निवासी 30 वर्षीय बहादुर के रूप में की गयी। मंगलवार शाम को बहादुर अपने खेत में उड़द की फसल काट रहे थे। उनके साथ बबलू राजा भी थे। शाम करीब 6 बजे सांप ने बहादुर के पैर में काट लिया। कुछ ही देर में उनकी हालत बिगडऩे लगी। बबलू राजा ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें सीएचसी मड़ावरा ले गए। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रात ढाई बजे ललितपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई लाखन के अनुसार, बहादुर तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। वह खेती-किसानी का काम करता था। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नातिन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका

**ललितपुर।** महरौनी के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 5 सितम्बर को उसकी बीस वर्षीय नातिन मॉडल किताबें खरीदने के लिए मुख्यालय आयी हुयी थी। लेकिन वह वापस नहीं लौटी। बताया कि उसकी नातिन का फोन भी नहीं लग रहा है। व्यक्ति ने पुलिस के समक्ष किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नातिन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने व्यक्ति की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कोचिंग छात्र के सिर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**ललितपुर।** सिटी चौकी के मोहल्ला मऊठाना में रहने वाले प्रमोद कुमार साहू पुत्र स्व.रामसेवक साहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम करीब 6.30 बजे उसका पुत्र अनुभव साहू स्टेशन रोड स्थित कोचिंग क्लास में गया हुआ था। आरोप है कि रास्ते में रानू राजा व सरवर्गय बुन्देला ने किसी धारदार हथियार से उसके सिर पर गम्भीर प्रहार कर दिया, जिससे उसके पुत्र को चोट आ गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने पुत्र को जान से मारने की धमकी दी है। प्रमोद कुमार साहू की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

### बाइक की टक्कर से सरकारी कर्मी की मौत केस दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट से हाईवे किनारे स्थित ग्राम कड़ेसराकलां निवासी रोहित ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके पिता राजेश कुमार पुत्र बारेलाल अहिरवार बीती 6 सितम्बर को सुबह करीब 9.30 बजे नेशनल हाई-वे पर पैदल ही गांव से ग्राम वर्मा बिहार नौकरी कार्य करने जा रहे थे। इसी दौरान झांसी की ओर से तेज रफ्तार से भागती आ रही प्लेटिना मोटर साइकिल संख्या यू.पी.93 बी.जेड. 8726 जिसे महानगर झांसी के थाना एरच अंतर्गत ग्राम बामौर निवासी दीपचन्द्र पुत्र बृषभान चला रहा था लापरवाही से उसने पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। पीड़ित ने अपने पिता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता सरकारी कर्मचारी थे, जो कि पूरे परिवार का भरण-पोषण करते थे। रोहित अहिरवार की तहरीर पर पुलिस ने प्लेटिना मोटर साइकिल के चालक दीपचन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अवैध शराब के खिलाफ आंदोलित ग्रामीण महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन


# महिलाओं ने थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को समस्या बताई

*महिलाओं ने आरोप लगाया है कि ग्राम रनगांव में कई जगह अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। परिवार के लोग पुरुष सुबह से ही शराब के सेवन से परिवार का माहौल बिगाड़ रहे हैं। दिन भर शराब के नशे में रहते हैं और पैसे नही होने पर घर गृहस्थी का सामान बेच रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर (मड़ावरा) अवैध शराब के खिलाफ गांव गांव मे पुरजोर विरोध हो रहा है। शराब शौकिनो के लड़ाई झगड़े से परेशान महिलाओं ने भी विरोध कर मोर्चा खोल दिया। कई परिवार शराब के कारण बर्बाद हो गए हैं कम उम्र में महिला विधवा होकर घर मैं बैठी है कच्ची शराब ने जनपद में कुटीर उद्योग के रूप में स्थापित हो चुकी है । हाल ही में रनगांव की दर्जनों महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महिलाओं ने मड़ावरा थाने पहुंचकर पहले पुलिस अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया।

इसके बाद उप जिलाधिकारी मड़ावरा को ज्ञापन सौंपा। रनगांव निवासी महिलाओं ने विरोध कर खूब हल्ला मचाया। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि ग्राम रनगांव में कई जगह अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। परिवार के लोग पुरूष सुबह से ही शराब के सेवन से परिवार का माहौल विगाड़ रहे हैं। दिन भर शराब के नशे में रहते हैं और पैसे नही होने पर घर गृहस्थी का सामान बेच रहे। आये रोज लड़ाई झगड़े कर रहे हैं। जिससे उनके परिवार बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा। क्षेत्राधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र ने तत्काल मड़ावरा पुलिस को निर्देश दिए कि गांव में जहां भी अवैध की



शिकायत है। तत्काल प्रभाव से उनके खिलाफ कार्यवाही करें। कोतवाल प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी की पर कुछ नही मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि यदि गाँव मे अबैध शराब की बिक्री करता है तो पुलिस को सूचित करें। ऐसे लोगों पर गाँव कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### पंचायत फरमान, किया शराब का बहिष्कार, लगेगा जुर्माना

**मड़ावरा।** ललितपुर जिले के दर्जनों गांवों में अलग अलग समाजों द्वारा शराब मुक्ति का अभियान अनवरत जारी है। गाँव क्षेत्र के बाद अब कस्बा मड़ावरा में शराब मुक्त अभियान चला। जिसमें अब कस्बा मड़ावरा की लोधी क्षत्रिय समाज ने शराब पीने एवं बेचने पर बहिष्कार कर दिया। मंगलवार को कस्बा के शालाजी मंदिर परिसर में लोधी महासभा की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसमाज द्वारा में समाज सुधार की दिशा में एक अहम निर्णय लिया है। सर्वसमाज के पंचों की बैठक में तय किया गया कि यदि कोई शराब बेचता है या शराब का सेवन करता है, तो उक्त व्यक्ति के खिलाफ सामाजिक दण्ड के साथ आर्थिक दण्ड और समाज से बहिष्कृत किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कहा गया जो समाज अन्य लोगों को गाली गलौज अभद्रता या अपमानित करेगा या रिस्तेदारी के कार्यक्रम में झगड़ा करेगा, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही पंचायत में फरमान सुनाया गया कि शराब बेचने वाले को 51 हजार एवं पीने वाले को 5100 रुपये का दण्ड का प्रावधान रखा गया। इस दौरान समाज के लोगों को शालाजी मंदिर में पंडित रामबाबू द्वारा द्वारा शपथ दिलाई गई। इस दौरान बैठक में लोधी क्षत्रिय समाज मड़ावरा के सैकड़ों लोग मौजूद रहे । लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि अवैध कच्ची शराब को कुटीर उद्योग के रूप में प्रोत्साहित करने वालों के खिलाफकार्यवाही जिला प्रशासन के लिए आवश्यक है वरना जनपद के सैकड़ो परिवार में विधवाएं अपनी बेबसी और बर्बादी पर आंसू बह रही है।

### काउंसिलिंग कार्यशाला आयोजित

# कॅरियर काउंसिलिंग से मिलते हैं बेहतर विकल्पः डॉ सुडेले




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश एवं सुझाव दिये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेल, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, एवं प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि यदि छात्र-छात्राएँ जीवन में सफल होना चाहते हैं तो उन्हें अपने लक्ष्य में एकाग्रता, समर्पण एवं त्याग का समावेश करना चाहिए। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि रोजगारपरक शिक्षा आज की आवश्यकता है। जिससे युवा शिक्षा प्राप्त करने के बाद स्वयं का रोजगार संचालित कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले भविष्य को आसान बनाने के लिये छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम करना चाहिए, क्योंकि जीवन में सफलता परिश्रम एवं लगन से ही प्राप्त की जा सकती है। मुख्य वक्ता एवं इतिहास प्रवक्ता डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राएँ जिस क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त करना चाहते हैं अपनी अभिरूचि एवं क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें एवं पूरी लगन व मेहनत से अध्ययन करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं कार्यक्रम के को-आर्डीनेटर प्रवक्ता रवीन्द्र सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### वर्णी जयंती पर परिचर्चा का आयोजन

# प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा मानव समाज के सच्चे कल्याणक थे वर्णी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वर्णी जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि मानव समाज के कल्याणक संत वर्णी एवं उनके समकालीन आचार्य विनोबा भावे के दर्शन की मेरी चिरसंचित लालसा तब फलीभूत हुई जब स्थानीय जी आई सी में मैं कक्षा आठ की विद्यार्थी था, उसी समय आषाढ़ शुक्ल 13 को वर्णी का चातुर्मास क्षेत्रपाल मंदिर में हुआ ।तदन्तर भूदान यज्ञ के प्रणेता आचार्य विनोबा भावे तेलंगाना से देहली पदयात्रा करते हुए सागर विरधा से होते हुए उक्त जी आई सी कालेज में पधारे । जानकारी मिलने पर वर्णीभी ससंघ जब सभास्थल पर पहुचे तो उम्र में अपने से वरिष्ठ वर्णी को देखकर विनोबा जैसे ही सम्मानार्थ उनकी ओर झुकने को हुए , वैसे ही वर्णी ने उन्हें अपनी बाहों में भर लिया । उपस्थित भूदानप्रेमी स्त्री-पुरुषों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए अपनी मार्मिक अपील में वर्णी ने कहा



कि संसार के भोगों को जिसने छोड़ दिया वही महापुरुष आज अपने को आपका छटवां बेटा मानकर याचक के रूप में आपसे अपनी जमीन का मात्र छटवां अंश मांग रहा है जबकि भूमि तो आपकी है ही नही , वह तो सबैं भूमि गोपाल की यानि आकाश अग्नि पानी हवा की तरह भूमि सबकी है । ऐसी महान विभूति से ऐसा छोटा सा काम कराना इससे अधिक भारत की कंगाली क्या होगी । तुम्हारी यह मूर्छा त्याग कराते है , अरे हमारा अगर कोई चोट्टापन मिटा दे , तो इससे बड़ा उपकारी और कौन होगा ।

### फोटोग्राफर एसोसिएशन ने भेजा सीएम को ज्ञापन

# वैवाहिक कार्यक्रमों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को मिले ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति, फोटोग्राफी का महत्वपूर्ण हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में ड्रोन कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध से वैवाहिक व मांगलिक कार्यक्रमों में असुविधा उत्पन्न होने को लेकर फोटोग्राफर एसोशियेशन ने लामबंद होकर जिलाध्यक्ष शीलचंद्र श्रीवास के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा । ज्ञापन में एसोशियेशन जिला प्रभारी हरनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि उ.प्र.फोटोग्राफर एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा मुख्य कार्य विवाह और अन्य सामाजिक समारोहों में फोटोग्राफी करना है।

वर्तमान में ड्रोन कैमरा आधुनिक फोटोग्राफी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। हाल ही में ड्रोन के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध से हमारे व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रतिबंध के कारण हजारों



फोटोग्राफरों की आजीविका प्रभावित हुई है और ग्राहकों की भी मांग पूरी नहीं हो पा रही है। एसोशियेशन ने मुख्यमंत्री से आह्वान किया है कि वह विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ड्रोन का उपयोग करने की अनुमति दी जाये। ड्रोन संचालन के लिए सरकार की ओर से स्पष्ट दिशा-निर्देश और अनुमति की प्रक्रिया तय की जाए। इस प्रतिबंध से प्रभावित फोटोग्राफरों को आजीविका के संकट से राहत प्रदान की जाए। इस पहल से हजारों फोटोग्राफर परिवारों को मदद मिलेगी और आधुनिक फोटोग्राफी सेवाएं सुचारू रूप से जारी रह सकेगी। ज्ञापन देते समय हर्षित, करन कुश, हिमांशु, विशाल, राजेन्द्र, देवेन्द्र, अक्षय जैन, रोहित प्रजापति, हरनारायण विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, दीपक सोनी, रोहित झां, रिषी कुशवाहा, शिवम, शीलचंद्र श्रीवास, भगवानदास कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### शिकायतों पर की कार्रवाई

# मड़ावरा सीएचसी अधीक्षक डा.अविनाश को हटाया, अवधेशको नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मड़ावरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डा.अविनाश कुमार को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब डा. अवधेश चंद्र यादव को नया चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

डा. कुमार पर आशा कार्यकर्ताओं और संगिनी बहुओं ने मनमानी और अवैध वसूली के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के विरोध में उन्होंने सीएचसी केन्द्र के सामने प्रदर्शन भी किया था। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने भी अस्पताल में भ्रष्टाचार और मानक विहीन कार्यों की शिकायत एसडीएम, डीएम और राज्यमंत्री से की थी। बाल पोषण पुनर्वास केन्द्र की आहार विशेषज्ञ ने भी डा.कुमार पर आरोप लगाए थे। एक सुरक्षा गार्ड से भी अधीक्षक पर तीमारदार को पिटवाने का आरोप लगा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज खान ने कार्रवाई करते हुए डा. अविनाश कुमार को पद से हटाकर जखौरा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधिकारी के पद पर स्थानांतरित कर दिया है।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 12 को, युवक-युवतियां प्रतिभाग कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बेरोजगार युवक एवं युक्तियों /अभ्यर्थियो को राजकीय इण्टर कॉलेज, ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 12 सितम्बरको किया जा रहा है। रोजगार मेले में-डिक्सन टेक्नोलॉजीज इण्डिया लिमिटेड में कॉल सेन्टर व डाटा एन्ट्री आपरेटर पद हेतु 44 रिक्तियां-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां -पटेल बायो फर्टिलाइजर में सेल्स मेन पद हेतु 10 रिक्तियां -फुलफोर्स सिक्योरिटी एण्ड मेनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ललितपुर में कम्प्यूटर आपरेटर, टेली कॉलिंग पद हेतु 05 रिक्तियां 5-पुखराज हेल्थ केयर प्रालि में फील्ड एक्जीक्यूटिव पद हेतु 50 रिक्तयों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियाँ रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे को सत्य मानकर पैसे आनलाइन या आफलाइन डिपोजिट न करें ।

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

# आरक्षी सुंदर के खिलाफ विजलेंस जांच शुरू, नौकरी से बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जखौरा अंतर्गत चौकी बांसी क्षेत्र में रहने वाले बर्खास्त आरक्षी सुंदर लाल के विरुद्ध विजिलेंस विभाग ने एफआईआर दर्ज की है।

विभाग ने 6 मई 2024 को सुंदर लाल की पिछले 5 वर्षों की तैनाती की जांच प्रारंभ की थी। जांच में सामने आया कि इस अवधि में उनकी कुल वैध आय 57.51 लाख रुपये थी। इसके विपरीत उन्होंने चल और अचल संपत्ति पर 1.52 करोड़ रुपये व्यय किए। इस प्रकार उनकी वैध आय से 95.19 लाख रुपये अधिक की संपत्ति पाई गई। विजिलेंस टीम ने आगरा और झांसी सहित उनके सभी तैनाती स्थलों से साक्ष्य एकत्र किए। टीम को उनकी अनेक बेनामी संपत्तियों का भी पता चला। विजिलेंस द्वारा अतिरिक्त संपत्ति का हिसाब मांगने पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। एसपी विजिलेंस राजेंद्र यादव ने बताया कि बर्खास्त आरक्षी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# निधन पर क्षत्रिय महासभा ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (महाराणा प्रताप) जिलाध्यक्ष एड.अजय प्रताप सिंह तोमर के छोटे भाई संजय सिंह तोमर के आकस्मिक निधन पर संगठन ने श्रंद्धाजलि सभा कर अत्यंत शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी बृजेंद्र सिंह परमार पूर्व प्रधान सेरवास के छोटे भाई सुरेंद्र सिंह परमार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी एवं जितेंद्र सिंह बैस पुर्व प्रधान मगरपुर के चाचाजी हुकम सिंह बैस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि देकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। सभा में महेंद्र सिंह परमार, आनंद सिंह, अमरसिंह बुंदेला, भूपेंद्र सिंह परमार, योगेंद्र सिंह परमार, चाली राजा, इंद्रपालसिंह गौर, मुन्नू राजा, भगवान सिंह राठौड़, रामप्रताप सिंह बुंदेला, योगेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया, कल्लू राजा, बिटटू राजा देवरान, जगत राजा सिसोदिया, महिपाल सिंह बुंदेला, शैलेंद्रसिंह तोमर, ओमकरण सिंह गौर, हरनाम सिंह तोमर, सोनू राजा, शुभम राजा, फतह सिंह जादौन, सुनील सिंह गहलोत, गजेंद्र सिंह बुंदेला, अंशुल तोमर आदि उपस्थित रहे।

### दूध लेने जा रहे युवक ने लगाया रंगदारी मांगने का आरोप

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग निवासी गोवर्धन कुशवाहा पुत्र जगभान ने पुलिस को तहरीर दी । बताया कि बुधवार को सुबह करीब 6.30 बजे वह घर से दूध लेने के लिए जा रहा था। रास्ते में स्कूल के सामने रहने वाले विनोद झां पुत्र बाली, रामदेवी पत्नी विनोद, अजय पुत्र विनोद एकराय होकर आये और उसकी मोटर साइकिल रोक ली। आरोप है कि उक्त लोगों ने उससे पांच हजार रुपयों की मांग करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित की कॉलर पकड़कर लात-घूसों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर जब उसकी पत्नी संजना कुशवाहा बचाव करने पहुंची तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### गर्ल्स कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता हुई

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में हिंदी पखवाड़े के तहत भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिंदी और हम विषय पर अपने विचार रखें। कॉलेज प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कहा कि हिंदी हमारे हृदय से जुड़ी हुई भाषा है और वह हम भारतवासियों को आपस में जोड़ती है। प्रतिभागियों ने हिंदी को भारत की संस्कृति, सभ्यता, राष्ट्रीयता, एकता से जोड़कर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक अस्मुरारी नंदन मिश्र ने बताया कि कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इनमें छात्राओं के लिए भाषण, काव्यपाठ, निबंध, प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग के द्वारा किया गया। इस दौरान हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. किरण जैन, विनय कुमार पाठक, कोमल कुशवाह, सुनील धाकड़ सहित प्राध्यापक मौजूद रहे।

# बेतवा नदी से 1300 मूर्तियां निकालीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बेतवा नदी में विसर्जित ऐसी गणेश प्रतिमाएं जो पीओपी की थीं और पानी में नहीं लग रहीं थी उन्हे नदी से बाहर निकाला गया। आदर्श तिवारी के साथ प्रियंका रघुवंशी, देव शर्मा, आदित्य तिवारी, संदेश शर्मा और प्रबल शर्मा ने मिलकर बेतवा नदी से लगभग 1300 से अधिक गणेश जी की प्रतिमाएं निकालीं और उन्हें जानकी कुंड में विसर्जित किया। इन प्रतिमाओं में से अधिकांश प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी हुई थीं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं और पानी में कई दिनों तक रहने के बाद भी यह नहीं गलती इसलिए इन्हे नदी से निकालकर जानकी कुंड में विसर्जित किया।



**विदिशा।** नदी से निकालकर प्रतिमाओं को जानकी कुंड ले जाते टीम के सदस्य।

### पीओपी की प्रतिमाओं पर पूरी तरह से लगे रोक

आदर्श तिवारी और उनकी टीम ने अपील की है कि भविष्य में पीओपी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग न किया जाए और पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं का ही उपयोग किया जाए। इस पहल का उद्देश्य नदियों और जल स्रोतों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखना है। आदर्श तिवारी और उनकी टीम ने प्रशासन से भी अनुरोध किया है कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कदम उठाएं और पीओपी से बनी प्रतिमाओं के उपयोग पर रोक लगाएं।

### अपर कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा की

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यालयों तथा जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों के निराकरणों की समीक्षा की है। अपर कलेक्टर ने जिलाधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन आवेदनों पर विशेष ध्यान दें। ऐसे अनेक आवेदन हैं जो 100 दिवस से ऊपर हो गए हैं यह आवेदन विभागीय कार्यप्रणाली को दर्शाते हैं।

प्रशासन और अहिंसा के सामूहिक प्रयासों के तहत जागरुकता कार्यक्रम

# धर्मगुरुओं सहित ग्रामीणों ने लिया बाल-विवाह के खात्मे का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़


समाजिक कुरीतियों का खात्मा तभी संभव है जब हम सब मिलकर उन्हें करने का संकल्प लें। राजगढ़ जिले में व्याप्त बाल सगाई और बाल-विवाह जैसी कुरीतियां न केवल बच्चों का बचपन छीन रही हैं बल्कि परिवार के साथ ही समाज के भविष्य के लिए भी खतरा हैं। इन्हें रोकने के लिए हर व्यक्ति का सहयोग और सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यह संदेश मंगलवार को धार्मिक स्थल सरेडी धाम में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम के जागरुकता कार्यक्रम के दौरान सरपंच लखन सौंधिया, मंदिर के पुजारी मोहन शर्मा, ग्रामीणजनों और श्रद्धालुओं ने दिया है। इस दौरान सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि न वे स्वयं कभी बाल सगाई या बाल-विवाह करेंगे और न ही किसी और को ऐसा करने देंगे। सभी ने मिलकर यह प्रण भी लिया कि वे अपने गाँव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को समझाएंगे और इस कुरीति को समाप्त करने के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाएँगे।

### सामूहिक प्रयासों से खत्म होंगी ये सामाजिक बुराईयां

सरपंच लखन सौंधिया ने कहा कि किसी भी बुराई को समाप्त करने की शुरुआत हमें खुद से और अपने परिवार से करनी होगी। हमने अपनी पंचायत से यह अभियान शुरू किया है और जल्द ही आसपास के गांवों में भी संदेश पहुंचाया जाएगा। पंचायत की ग्राम सभा में बाल-विवाह रोकथाम और बच्चों के संरक्षण हेतु प्रयासों को प्राथमिकता दी जाती है। मंदिर के पुजारी मोहन शर्मा ने कहा कि बाल-विवाह धार्मिक दृष्टि से भी उचित नहीं है। यह बच्चों के जीवन को अंधकारमय बना देता है। बच्चों का सही समय पढ़ाई, खेल और अपने सपनों को पूरा करने का होता है, लेकिन बाल-विवाह उनकी राह में रुकावट बन जाता है। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग और धार्मिक संस्थाएं मिलकर इसके खिलाफ खड़े होंगे तो इस बुराई को खत्म करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। अहिंसा की परियोजना समन्वयक रजनी प्रजापति ने बताया कि संस्था लगातार एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के तहत जागरुकता अभियान चला रही है। गाँव-गाँव जाकर लोगों को समझाया जा रहा है कि बाल सगाई और बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है।

न ट्रस्ट प्रबंधन न ही नपा के द्वारा कराई जा रही रिपेयरिंग

# नवरात्र नजदीक, इधर जालपा धाम पहाड़ी की पांच स्ट्रीट लाईटें गुल



**राजगढ़।** इन दिनों चल रहे पितृपक्ष के समापन उपरान्त शारदेय नवरात्र का शुभारंभ हो जाएगा। नवरात्र के दौरान क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने आते हैं। इसे विडंबना ही कहेंगे कि हजारों लोगों की आस्था के केंद्र जालपा माता पहाड़ी पर विद्युत पोलों पर लगीं पांच स्ट्रीट लाईटों के लैंप अर्से से बंद पड़े हुए हैं। लैंपों के बंद होने से रात्रि के समय माता के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही जालपा माता पहाड़ी के बेहद घुमावदार होने और अंधेरे के चलते वाहन से आने वाले श्रद्धालुओं के भी दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। हादसे की संभावनाओं के बीच न तो जालपा धाम ट्रस्ट प्रबंधन और न ही नगर पालिका द्वारा बंद स्ट्रीट लाईटों को सुधरवाने की जेहमत उठाई जा रही है।

### पूर्व नपा जमा करवाती थी बिजली बिल

सूत्रों के अनुसार जालपा माता की पहाड़ी पर लगी सभी स्ट्रीट लाईटों का बिजली बिल एक वर्ष पूर्व तक नगर पालिका द्वारा जमा करवाया जाता था। इसके साथ ही स्ट्रीट लाईटों का मेन्टनेंस भी नपा के ही लाईन कर्मचारिया किया करते थे। परन्तु, कुछ महीनों पहले से बिजली की व्यवस्था जालपा ट्रस्ट प्रबंधन देख रहा है। बहरहाल, जो भी हो लेकिन माता के धाम पर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने बंद पड़ी स्ट्रीट लाईटों के लैंपों को जल्द सुधरवाने की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों द्वारा भी काफी समय से इसकी मांग की जा रही लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

# बाबा वटकेश्वर का महा अभिषेक कर मनाया महादेव मित्र मंडल का 36वां स्थापना दिवस

**सारंगपुर -** नगर की एक मात्र धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल ने मंगलवार को महा अभिषेक कर पोधारोपण के साथ सत्यनारायण भगवान की मां आरती कर अपना 36 वां स्थापना दिवस मनाया गया सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद के नेतृत्व में मंडल के सदस्यों द्वारा भूत भावन श्री वटकेश्वर महादेव का महा अभिषेक कर महा आरती की गई साथ ही दुर्गा माता मंदिर सुदर्शन नगर में पौधारोपण किया गया इसके बाद मुखर्जी चैक स्थित सेन समाज मंदिर में पौधारोपण किया गया तथा मंडल के सदस्यों द्वारा पौधों को पेड बनने तक देख रेख करने का संकल्प लिया।

# स्टेडियम ग्राउंड में पार्षद ताऊ निशा के जेठ का पड़ा मिला शव

## बच्चों ने दी पुलिस को सूचना, जांच में जुटी पुलिस



**खिलचीपुर।** नगर के स्टेडियम ग्राउंड में मंगलवार को लगभग दोपहर 11-12 बजे एक बुजुर्ग का शव मिला, स्टेडियम में खेल रहे बच्चों व आसपास के रहने वाले युवको ने अधेड़ पड़े शव की पुलिस को सूचना दी। शव का चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था जिसे पहचान पाना मुश्किल था। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया तथा पीएम के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान शफीक शाह उम्र 52 वर्ष सूरजपोल मोहल्ला वार्ड क्रमांक-8 के निवासी के रूप में हुई। शव पर गहरी चोट के निशान दिखाई दिए, विशेष कर चेहरा ओर सिर बुरी तरह कुचला हुआ सा दिखाई दे रहा था।प्रारंभिक जांच में पुलिस ने हत्या की आशंका जताई हालांकि पूर्णतः जानकारी तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मृतक के परिवार वालों से प्राप्त जानकारी अनुसार शफीक शाह ट्रक ड्राइवर थे, वही वर्तमान में ट्रक ड्राइवरी का काम छोडकर बकरी पालन का काम कर रहे थे और उसी से अपने परिवार का जीवन यापन करते थे वहीं ये वार्ड क्रमांक -08 के महिला पार्षद ताऊ निशा के रिश्ते में जेठ थे। इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है वही पुलिस ने मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

जिला प्रशासन ने रिटायर्ड कर्मचारियों को किया सम्मानित

# सेवानिवृत्त हुए 26 कर्मचारियों को प्रदान किए पीपीओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासकीय सेवारत कर्मचारियों को अपनी सेवानिवृत्ति उपरान्त पीएफ, पेंशन सहित अन्य सभी तरह के भुगतानों में किसी तरह की समस्या न आए इसके लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा पेंशन विभाग को तल्ख निर्देश दिए हुए हैं। इसी कड़ी में अगस्त माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 26 अधिकारियों, कर्मचारियों को मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा सीाी का सम्मान करते हुए उन्हें पीपीओ प्रदान किए गए। जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे ने बताया कि पेंशनरों को पीपीओ का वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी एवं राजगढ़ एसडीएम निधी भारद्वाज द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शाल, श्रीफल एवं पीपीओ प्रदान किए गए।

### ये 26 कर्मचारी हुए हैं सेवानिवृत्त

पेंशन विभाग के गिर्राज शर्मा ने बताया कि अगस्त में सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों में प्रमोद व्यास, भंवरलाल यादव, तुलसीबाई मालवीय, रेखा मालवीय, राजेश कुमार डेविड, डॉ. के.के. श्रीवास्तव, हुकुम चन्द्र राठौर, ओम प्रकाश मेवाडे, कैलाश नारायण दलोदिया, प्रभुलाल भिलाला, राधेश्याम नागर, कालूसिंह राजपूत, गुलाब सिंह माली, प्रभुनाथ सिंह झाला, कल्लुलाल जूनवाल, शिवलाल दांगी, गोपाल दांगी, राजेश सिसोदिया, श्रीमति रंजना यादव तथा अरविंद शर्मा शामिल हैं। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला, शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया।

# कुरावर की दो डेयरियों से लिए दूध, मावा और घी के सैंपल

## मिलावटी शिकायतों को लेकर की जा रही कार्रवाई जारी



**राजगढ़।** जिले में मिलावटी खाद्य सामग्री खासकर दूध निर्मित खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देशों पर खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग भी लगातार कार्यवाहियां कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कुरावर क्षेत्र में राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा विभिन्न डेयरियों से दूध, मावे और घी के सेंपल लिए। प्रतिष्ठानों से लिए गए सैंपलों को भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री ने बताया कि कुरावर स्थित खुशी डेयरी से दूध, मावे एवं घी के नमूने लिए गए वहीं तलेन रोड स्थित श्री राम मिष्ठान भंडार से घी, मिल्क केक, मलाई बर्फी इत्यादि के सैंपल लिए गए हैं। सैंपलिंग के साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को हिदायत दी गई किवे अपनी दुकानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

भोले की आस्था से श्रद्धाुओं को मिली बीमारियों में राहत

# चमत्कार या आस्था कृपा के परिपक्व में असाध्याय रोगियों को मिल रहा आराम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेडा



शहर से लगभग 12 किलोमीटर दक्षिण दिशा की ओर स्थित ग्राम कडलावद में लगी धाम भोलेनाथ की कृपा से हो रहे सबके काम जब आस्था की बात आती है अदृश्य शक्तिया परिपक्व बनकर कार्य करने के लिए तत्परता के साथ संयोजित होती है ऐसा ही एक मामला ग्राम कडलावद में देखने को मिला जहां गूंगे बोलने लगते हैं और बहरे सुनने लगते हैं ऐसा ही नहीं बल्कि अदृश्य तरह से ऑपरेशन होकर तत्काल इस धाम पर आने वाले मरीजों को आराम मिलता है इस धाम पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को चमत्कार के रूप में बीमारियों से ग्रस्त वही धाम पर त्वरित आराम मिल रहा है जब पत्रकार पुरुषोत्तम गुप्ता ने वहां कुछ देर रुक कर एक-एक श्रद्धालुओं से पूछताछ की तो जिसमें एक श्रद्धालु ने बताया मेरा बेटा 2 वर्ष का था तब से मस्तिष्क की बीमारी थी जो मस्तिष्क की नस दबी हुई थी आज मेरा बेटा 20 वर्ष से अधिक का हो गया है बहुत इलाज करवा लिया परंतु इस धाम पर आने के बाद पहली यात्रा में ही कुछ आराम दिखने लगा है नाम लोकेंद्र सिंह कुशवाह पिता शिव प्रसाद कुशवाह मैं पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 04 पचोर का रहने वाला हूं जब दूसरे श्रद्धालु से पूछा मैं वीरेंद्र पिता राजेंद्र गुर्जर ग्राम ताकला का रहने वाला हूं मैं प्रथम बार इस धाम पर आया मेरे बेटे को कम सुनाई देता था इस धाम पर आते ही वह सुनने लगा इसी तरह तीसरे श्रद्धालुओं से बात हुई कैलाश बाई पति शिवनारायण दांगी ग्राम दुपाडीया मेरी उम्र 36 वर्ष है कमर दर्द से बहुत परेशान थी सब जगह इलाज करवा लिया परंतु मेरे को इस धाम पर आते आराम पड गया ।

ऐसे ही चैथ श्रद्धालु से जब बात हुई अली पिता शहजाद खान ग्राम मोहन बडोदिया से पूछा तो उन्होंने बताया हम मुस्लिम समुदाय से हैं लेकिन भगवान में भी आस्था रखते हैं इस धाम पर पहली बार आने पर हमारे बच्चे को आराम मिला ह।

# हरदा प्रकरण को लेकर करणी सेना का जनजागरण अभियान



**सारंगपुर।** हरदा प्रकरण में करणी सेना परिवार के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर द्वारा न्याय की मांग हेतु किए गए शांतिपूर्ण आंदोलन पर हुए कथित असंवैधानिक लाठीचार्ज के विरोध में जिम्मेदार अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर करणी सेना द्वारा महाआंदोलन की घोषणा की गई है। इसी संदर्भ में हरदा घटना की सत्यता और पुलिस प्रशासन के रवैये से आमजन को अवगत कराने हेतु सारंगपुर तहसील के विभिन्न ठिकानों में जनजागरण अभियान चलाया गया। यह अभियान 8 सितम्बर को बालोंडी, जीवाजीपुरा, बिगनोदीपूरा, खासपुर, आमगढा, पटाडिया डाबी, इच्छवाड़ा, शंकरनगर खेड़ी, काचरिया भाई, बापचा सहित अनेक ठिकानों पर किया गया।इस दौरान करणी सेना पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार तत्काल प्रभाव से लाठीचार्ज का आदेश देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को निष्कासित करे, यही करणी सेना की प्रमुख मांग है। अभियान में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता छात्रवर्धन सिंह कडयिां चंद्रावत, जिला अध्यक्ष मयंकप्रताप सिंह मुवालिया, जिला संगठन मंत्री हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, जिला सहमीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

सीएम के आने की सूचना से प्रशासन अलर्ट पर..

# कलेक्टर और एसपी उतरे खेतों में, हेलीपेड पर 6 थानों की पुलिस, ताकते रहे किसान





**सारंगपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित दौरे की सूचना से मंगलवार को सारंगपुर प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। देवास जिले के हाट पिपलिया में सीएम के फसलों का निरीक्षण करने के बाद सारंगपुर आने की संभावना जताई गई थी। जैसे ही यह खबर प्रशासन तक पहुंची, पीडब्ल्यूडी, पीएचई और नगर पालिका का अमला हेलीपेड तैयार करने में जुट गया। सुरक्षा को देखते हुए छह थानों का पुलिस बल भी हेलीपेड पर तैनात कर दिया गया। बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के सदस्य भी हेलीपेड पहुंचे। इसी बीच कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, एसडीएम रोहित बम्होरे और पटवारियों का दल खेतों में पहुंचा और फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर नुकसान का जायजा भी लिया। सूचना अनुसार मुख्यमंत्री का सारंगपुर दौरा शाम 4 बजे तय था, लेकिन इससे पहले उनका शाजापुर का कार्यक्रम रद्द हो गया।

# आंगनबाडी 697 में गर्भवती माताओं की गोद भराई कार्यक्रम हुआ संपन्न

## आंगनबाडी कार्यकर्ता ने दी कई जानकारी और टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

वार्ड नंबर 6 और 7 में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय पोषण महा अंतर्गत गर्भवती माता की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान वार्ड के समस्त गर्भवती धात्री किशोरी बालिकाओं सभी को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी टीकाकरण संबंधी और अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने हेतु समस्त प्रकार के आयरन कैल्शियम प्रोटीन विटामिन वास कार्बोहाइड्रेट यह सभी किन-किन पदार्थों में पाए जाते हैं उन सभी के संतुलित मात्रा में सेवन करने के लिए उचित समझाइए दी गई गर्भावस्था के दौरान टिटनेस ऑक्साइड के दो तक अवश्य लगे और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाई शिशु के जन्म के 1 घंटे के अंदर माता शिशु को अपना दूध अवश्य पिलाएं और समय-समय पर शिशु का पूर्ण टीकाकरण आंगनबाडी केंद्र पर आकर अवश्य करवाएं गोद भराई कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना ब्यावर सेक्टर नगरिया फर्स्ट सुपरवाइजर वंदना शर्मा कार्यकर्ता अर्चना यादव फरीद खान गुंजा कुशवाहा रीता जाटव और संबंधित वार्ड की सभी सहायिका ललिता जाटव मीणा कुशवाहा उर्मिला श्रीवास उर्मिला कुशवाह सभी उपस्थित रहे।

अंडर-19 बालक-बालिकाओं के अलग-अलग वर्ग में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# संभाग स्तरीय वॉलीबॉल में भोपाल-रायसेन को खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालेय क्रीडा प्रतियोगिताओं के तहत मंगलवार को राजगढ़ मुख्यालय पर संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउण्ड पर अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में पांच जिलों भोपाल, राजगढ़, सीहोर, रायसेन और विदिशा की टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग के फाईनल में भोपाल वहीं बालिका वर्ग में रायसेन की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।

अब उक्त दोनों विजेता टीमें आगामी दिनों आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र सिंह परमार ने बताया कि मंगलवार को हुई एक दिवसीय प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में विदिशा और रायसेन की टीम के बीच फाईनल मुकाबला हुआ जिसमें रायसेन की टीम विनर रही। वहीं, बालक वर्ग के बीच हुए फाईनल में भोपाल की टीम ने राजगढ़ को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के समापन उपरान्त उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य महेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों द्वारा विजेता रहीं दोनों टीमों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।



### जिले के पीटीआई का रहा सहयोग

*संभाग स्तरीय इस प्रतियोगिता के आयोजन में जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों के पीटीआई (फिजिकल टेनिंग स्ट्रक्टर) सीता सर्राफ, सैयद राशिद, अरुण साहू, रवींद्र तोमर, फिरोज लोधी, अजय बड़ोनिया, योगेश तिवारी, पिंकी बड़ोनिया, अरुण बंसल, अतीक अहमद, दिनेश यादव सहित अन्य का योगदान रहा। सभी ने न केवल खिलाड़ियों की हौंसला आफजाई की बल्कि वॉलीबॉल से जुड़ी कई ट्रिक्स भी बच्चों को बताईं।*